testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

# बैंक विलय (बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक और देना बैंक) - नवीनतम समाचार और अपडेट!

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को मजबूत करने के कदम में, भारत सरकार ने हाल ही में **3 प्रमुख बैंकों - बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक** और **देना बैंक** के **विलय** की घोषणा की है। यह **भारत में तीसरा सबसे बड़ा बैंक विलय** है। **वित्त मंत्री अरुण जेटली** ने इस कदम को भारत में **बैंकिंग परिचालनों** के एकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में बताया है। **बैंक विलय** क्या है, **बैंक विलय** क्यों होता है और इस विलय के फायदे और नुकसान क्या हैं, यह जानने के लिए आगे पढ़ें। आईबीपीएस पीओ, एसबीआई पीओ, आईबीपीएस क्लर्क, एसएससी सीजीएल, रेलवे समूह डी और अन्य सरकारी परीक्षाओं में ऐसे प्रश्न हमेशा पूछे जाते हैं। आप इस लेख को पीडीएफ में भी डाउनलोड कर सकते हैं !

## बैंक विलय - प्रस्तावना

- **मार्च 2017** के बाद से, सरकार **4-5 वैश्विक** आकार की बैंकों के निर्माण की **योजना** बना रही है। इसके अनुसार, भारत सरकार अब **बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक** और **देना बैंक** के **विलय** की योजना बना रही है।
- इससे पहले, **1 अप्रैल, 2017** को सरकार ने अपने **5 सहयोगी बैंकों** और **भारतीय महिला बैंक** के साथ **भारतीय स्टेट बैंक** को **विलय** कर दिया था।
- **एसबीआई के पांच सहयोगी बैंक जो इसके साथ विलय हुये थे:**

1. **स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर,**
2. **स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद,**
3. **स्टेट बैंक ऑफ मैसूर,**
4. **स्टेट बैंक ऑफ पटियाला**
5. **स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर**

**इस विलय ने एसबीआई को दुनिया के शीर्ष 50 बैंकों में शामिल कर दिया था।**


CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

# नव नियोजित बैंक विलय - क्विक पॉइंट्स

**देना बैंक** और **विजया बैंक क्षेत्रीय** रूप से **केंद्रित बैंक** हैं जबकि **बैंक ऑफ बड़ौदा** पहले से ही व्यापक प्रसार नेटवर्क वाली बैंक है।

- इस विलय के बाद यह **भारत का तीसरा सबसे बड़ा बैंक** होगा।
- इसमें **8.41 लाख करोड़** रुपये का **जमा आधार** होगा जबकि **6.4 लाख करोड़** रुपये का **अग्रिम आधार** होगा।
- चूंकि **BOB** की **राष्ट्रव्यापी** पहुँच है, जबकि **देना बैंक और विजया बैंक** अधिक **स्थानीयकृत** हैं, यह विलय नेटवर्क, कम लागत वाली जमा और सहायक कंपनियों के लिए बेहतर समन्वय प्रदान करेगा।
- संयुक्त इकाई से देश भर में बैंको की एक मजबूत स्थिति पैदा होगी।
- **बैंक ऑफ बड़ौदा** का कुल **कारोबार 10.29 लाख करोड़** रुपये के साथ तीनों **बैंको में सबसे बड़ा** है, इसके बाद **विजया बैंक 2.79 लाख करोड़ रुपये** और **देना बैंक 1.72 लाख करोड़** रुपये है।
- प्रस्तावित समामेलित इकाई का प्रावधान कवरेज अनुपात (**पीसीआर**) **67.7%** होगा, जो **पीएसबी** के कुल औसत से **63.7%** पर होगा।

testbook.com

# बैंकों को विलय करने के कारण

- भारत में लगातार घाटे में चल रही बैंकिंग सेक्टर की दशा को बैहतर स्थिति में लाने में लगी सरकार ने बैंकों के विलय का कदम उठाया है। सरकार ने महसूस किया कि बैंकों के संचालन लागत के मुकाबले फायदे कम हैं। ऐसे में बैंकों के संचालन पर हो रहे खर्च को कम करने के लिए सरकार विलय का कदम उठा रही है। देश की बैंकिंग व्यवस्था के सामने **एनपीए** की समस्या सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है।
- उधोगों में सबसे ज्यादा **देना बैंक** का **सकल एनपीए अनुपात 22%** है। जबकि बैं**क ऑफ बड़ौदा का ऋण अनुपात 12.4%** है और इसके विपरीत **विजया बैंक**, बेहतर प्रदर्शन करने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है जिसका कुल **एनपीए अनुपात 6.9%** है।
- बैंकों को विलय करने का मुख्य कारण ऋण बढ़ने के मुद्दे से निपटना है। यह ऋण उन ऋणों को संदर्भित करता हैं जहाँ **कॉर्पोरेट उधारकर्ता बैंकों** को अपनी देनदारी का भुगतान नहीं कर रहे हैं।
- **मर्जर बैंकों** को मजबूत और टिकाऊ बनाएगा और साथ ही साथ उनकी उधार क्षमता को भी बढ़ाएगा।
- साथ ही, इस विलय से अर्थव्यवस्था में ताजा ऋण की मांग को कम करने के मुद्दे को पूरा करने की उम्मीद है।
- **वित्त मंत्री अरुण जेटली** ने कहा कि **बैंक ऋण** कमजोर हो रहा था और बदले में **कॉर्पोरेट क्षेत्र** के निवेश को नुकसान पहुंच रहा था। इसके अलावा, अत्यधिक **एनपीए उधार** के कारण कई बैंक नाजुक स्थिति में थे।



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹200 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS ₹599 FOR 1 YEAR BUY NOW testbook

## बैंकों के बारे में प्रमुख बातें -

| बैंक का नाम | शॉर्ट फॉर्म | मुख्यालय | एमडी/सीईओ | टैगलाइन | स्थापना वर्ष | स्थापित करने वाले का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ बड़ौदा | BOB | वडोदरा | पीएस जयकुमार | इंडिया का इंटरनेशनल बैंक | 1908 | महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III |
| विजया बैंक | VB | बेंगलुरु | आरए शंकर नारायणन | अ फ्रेंड यू कैन बैंक अपॉन | 1931 | श्री अटवरा बालकृष्ण शेट्टी |
| देना बैंक | DB | मुंबई | अश्विनी कुमार | आपका भरोसेमंद बैंक | 1938 | देवकरन नानजी का परिवार |

## बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 44 ए

**बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 44 ए स्वैच्छिक विलय** के लिए मानदंड को दर्शाती है।

**धारा 44 ए: बैंकिंग कंपनियों के समामेलन की प्रक्रिया**

testbook.com

- किसी भी कानून के तहत कोई बैंकिंग कंपनी, किसी अन्य बैंकिंग कंपनी के साथ जुड़ी नहीं होगी, जब तक कि इस तरह के समामेलन की शर्तों वाली कोई योजना अलग-अलग संबंधित बैंकिंग कंपनियों के शेयरधारकों के समक्ष मसौदे में नहीं रखी गई हो वो भी एक प्रस्ताव द्वारा अनुमोदित प्रत्येक कंपनी के शेयरधारकों के दो तिहाई बहुमत से।

**जबरन विलय (Forced Mergers) बैंकिंग विनियमन अधिनियम की धारा 45 के तहत किया गया है।**

- **बैंकिंग कंपनी** के लिए **अधिस्थगन (moratorium)** के आदेश के लिए **रिजर्व बैंक केंद्र सरकार** को आवेदन कर सकता है।
- **केंद्र सरकार, रिज़र्व बैंक** द्वारा किए गए आवेदन पर विचार करने के बाद रोकथाम का आदेश दे सकती है ताकि कंपनी के खिलाफ सभी कार्य और कार्यवाही जारी रहें और इस तरह के नियमों और शर्तों पर निश्चित अवधि के लिए कार्यवाही कर सकें।

## इस बैंक विलय के क्या फायदे हैं?



CURRENT AFFAIRS FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS GET IT ON Google Play

testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹400 FOR 4 MONTHS BUY NOW testbook

- **बैंक ऑफ बड़ौदा, देना बैंक** और **विजया बैंक** के विलय के बाद यह नया नियोजित बैंक **सार्वजनिक बैंकिंग** क्षेत्र को फिर से जीवंत करने में सक्षम होगा और बैंकों को मजबूत और टिकाऊ बनाएगा और साथ ही साथ उनकी उधार क्षमता भी बढ़ाएगा।
  यह न केवल खराब ऋण के मुद्दे को संबोधित करेगा बल्कि ताजा ऋण की मांग भी बढ़ाएगा।
- **बैंक ऑफ बड़ौदा, विजया बैंक** और **देना बैंक** के विलय से ग्राहकों के लिए सेवाओं का दायरा भी बढ़ जाएगा. जहाँ **दक्षिण भारत** में **विजया बैंक** की मज़बूत पकड़ है तो वहीं **उत्तर और पश्चिम भारत** में **बैंक ऑफ बड़ौदा** का काफी **अच्छा नेटवर्क** है. ऐसे में **इन तीनों बैंकों** के ग्राहकों को पूरे भारत में आसानी से सेवाएं मिल सकेंगी. वहीं इन **तीनों बैंकों के एटीएम** भी इस विलय के कारण **एक ही बैंक** के हो जाएंगे.

इसके अलावा ये लेख भी पढ़िए जो की आपको बैंकिंग परीक्षाओं में मददगार साबित होंगे

| | |
|---|---|
| भारतीय रेगुलेटरी बॉडीज की सूची | भारत के बंदरगाह की सूची |
| भारत के राष्ट्रीय उद्यान की सूची | भारत के खेल स्टेडियम की सूची |
| राष्ट्रीय खेल पुरस्कार और विजेताओं की सूची | |

testbook.com



testbook PASS ATTEMPT ALL TESTS ACROSS ALL EXAMS
₹200 FOR 1 MONTH BUY NOW testbook